# अपने लाभ समाप्त होने से पहले अपना 2025 SUN Bucks कार्ड पिन करें!

जब स्कूल बंद हो जाते हैं तो SUN Bucks परिवारों को योग्य बच्चों के लिए किराने का सामान खरीदने में मदद करता है। प्रत्येक SUN Bucks कार्ड में $120 होते हैं और यह प्रत्येक बच्चे को गर्मियों के दौरान अलग-अलग समय पर मिल सकता है। **SUN Bucks आपके परिवार की आप्रवासन (इमीग्रेशन) स्थिति को प्रभावित नहीं करता है।**

## जब आपको डाक से 2025 SUN Bucks कार्ड मिले तो क्या करें

### अपने SUN Bucks कार्ड का इस्तेमाल कैसे करें...

ebtEDGE मोबाइल एप्लिकेशन में लॉग-इन करके, www.ebt.ca.gov साइट पर लॉग-इन करके या (877) 328-9677 पर SUN Bucks हेल्पलाइन पर कॉल करके अपने कार्ड के लिए व्यक्तिगत पहचान संख्या (पिन) चुनें।

**सुनिश्चित करें कि आप अपने SUN Bucks को CalFresh लाभ प्राप्त करने से पहले और आपके कार्ड पर धनराशि आने के 122 दिनों के भीतर उसे खर्च कर दें।**

### अगर आप अपने 2025 SUN Bucks कार्ड का इस्तेमाल नहीं करना चाहते हैं...

2025 के लिए SUN Bucks प्रोग्राम से बाहर निकलने के बारे में कॉल सेंटर से बात करने के लिए (877) 328-9677 पर SUN Bucks हेल्पलाइन पर कॉल करें।

**ऑप्ट आउट करने के बाद, आप अवांछित SUN Bucks कार्डों को नष्ट कर सकते हैं।**

## आप SUN Bucks से क्या खरीद सकते हैं:

- फल और सब्जियां
- डेयरी उत्पाद
- बीज और पौधे, जो परिवार के खाने के लिए भोजन पैदा करते हैं
- मीट, मुर्गी और मछली
- ब्रेड और अनाज
- अन्य भोजन पदार्थ जैसे स्नैक फूड और गैर-अल्कोहल पेय पदार्थ

## आप SUN Bucks से क्या नहीं खरीद सकते:

SUN Bucks का इस्तेमाल गर्म भोजन, पालतू पशुओं के भोजन, सफाई या घरेलू आपूर्ति, व्यक्तिगत स्वच्छता वाली वस्तुओं या दवा खरीदने के लिए **नहीं किया** जा सकता ।

जिन बच्चों को SUN Bucks मिलते हैं, वे अपने समुदाय में अन्य ग्रीष्मकालीन भोजन प्रोग्रामों में भी भाग ले सकते हैं । अपने निकटतम स्थान को खोजने के लिए, 1-866-3-HUNGRY (1-877-8-HAMBRE) पर कॉल करें, 1-914-342-7744 पर “food” या “SFSP” लिखें, या www.fns.usda.gov/summer/sitefinder पर जाएँ।

## अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं?

- http://www.cdss.ca.gov/SUNBucks पर जाएँ।
- CDSS की यूट्यूब SUN Bucks प्लेलिस्ट देखें।
- त्वरित प्रतिक्रिया (QR) कोड स्कैन करें।

कैलिफोर्निया में SUN Bucks प्रोग्राम अमेरिकी कृषि विभाग (USDA), खाद्य और पोषण सेवा (FNS) के वित्तपोषण से संभव हुआ है और यह कैलिफोर्निया शिक्षा विभाग (CDE) के साथ साझेदारी में कैलिफोर्निया सामाजिक सेवा विभाग (CDSS) द्वारा आपके लिए लाया गया है।
www.cdss.ca.gov/sunbucks | www.cde.ca.gov/ls/nu/sf | SUNBucks@dss.ca.gov.
USDA एक समान अवसर प्रदाता, नियोक्ता और ऋणदाता है। 2025
अधिक जानकारी के लिए, www.fns.usda.gov/summer पर जाएँ।